हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 27 मार्च 2026

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

## रामनवमी महोत्सव पर आज निकलेगी भव्य शोभायात्रा

# नगर में निकली विशाल मोटरसाइकिल रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

श्रीरामनवमी महोत्सव अंतर्गत श्रीराम नवमी आयोजन समिति द्वारा गुरुवार को शहर में विशाल मोटरसाइकिल रैली निकाली गई। रैली में बड़ी संख्या में युवाओं और श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पूरे नगर को राममय बना दिया। भगवा ध्वज लहराते हुए निकली इस रैली ने शहर में भक्ति और उत्साह का माहौल निर्मित कर दिया।

मोटरसाइकिल रैली शाम 4 बजे श्री महाकालेश्वर मंदिर बनियापारा से प्रारंभ हुई। रैली देवश्री टॉकीज रोड, रत्नाबांधा, मकई चौक, पावर हाउस, दुर्गा मंदिर, सिहावा चौक, गोल बाजार, सदर बाजार, मां विंध्यवासिनी मंदिर, लक्ष्मी निवास चौक, अंबेडकर चौक और रत्नाबांधा चौक होते हुए पुनः मंदिर परिसर में समाप्त हुई। रैली के दौरान जय श्रीराम के जयघोष से वातावरण गूंजता रहा, वहीं नागरिकों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। आयोजन समिति ने जानकारी दी कि 27 मार्च शुक्रवार को दोपहर 3:30 बजे श्री सिद्धेश्वर महाकालेश्वर मंदिर बनियापारा से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए मां विंध्यवासिनी मंदिर में समापन करेगी। शोभायात्रा को लेकर शहर में विभिन्न स्थानों पर स्वागत मंच तैयार किए गए हैं। आयोजन समिति के तीरथ राज फूटान, प्रीतेश गांधी, अशोक पवार, दिलीप बड़जात्या, बबलू थवाईत, गणेश कोसरिया, शिखर कोचर, अमित अग्रवाल, देवचरण सिंह ध्रुव, सूरज फुटान, भरत भानुशाली, पीयूष राठौर, महेंद्र चोपड़ा, प्रकाश सोलंकी, चोवाराम साहू, बीजू फूटान, प्रज्ञा फूटान, अमन थवाईत, अरुण फूटान, अजय गौतम, कोमल फूटान, बसंत निषाद, शुभांक मिश्रा, शुभम सोनी, राजेंद्र साहू, दीपेश मोटवानी, विक्की मंगलानी, संदीप नेताम, त्रिलोक देवांगन, सुशांत रजक, चेज्ञा फूटान, सूरज तारक, बबलू गौतम, राजकुमार फूटान, राजकुमार लावत्रे, यशवंत कोसरिया, मोहन यादव सहित अन्य सदस्यों ने बताया कि इस वर्ष रामनवमी महोत्सव को ऐतिहासिक बनाने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। शोभायात्रा में आकर्षक झांकियां, भक्ति संगीत और पारंपरिक प्रस्तुतियां शामिल रहेंगी।

■ भगवा ध्वज लहराते हुए युवाओं ने जय श्रीराम के जयकारे लगाए









## खबर संक्षेप

### कंडेल में आज निकलेगी कलश यात्रा

**पुरी।** ग्राम कंडेल में धीवर समाज द्वारा रामनवमी पर्व पर कलशयात्रा एवं श्रीराम की शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा सामाजिक भवन से निकलकर शीतला मंदिर पहुंचेगी। यहां माता शीतला को श्रृंगार समर्पित किया जाएगा। यह जानकारी बलीराम सार्वा, परशु कोसरिया, गणपत हिरवानी ने दी है।

### भूकांक्षी ने विश्वविद्यालय की प्रावीण्य सूची में बनाई जगह

**मगरलोड।** पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा सत्र 2024 —2025 एमएससी रसायन के टॉप टेन की सूची में ग्राम परसट्ठी की भूकांक्षी साहू पिता कोमल सिंह साहू ने जगह बनाई है।



उसने कक्षा 12वीं की पढ़ाई सरस्वती शिशु मंदिर नवापारा राजिम, बीएससी की शिक्षा गर्ल्स महाविद्यालय रायपुर तथा एमएससी रसायन शास्त्र की शिक्षा पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर से प्राप्त की है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करेली बड़ी, तामेश्वरी साहू, गणिता, रागिनी, डॉ रेशकुमार साहू, दुपांशु साहू, शिक्षकगणों को दिया है। इस उपलब्धि पर डॉ हरिशंकर साहू, नारायण साहू, उमाशंकर साहू, एनेन्द्र कुमार साहू अधिवक्ता, डायमंड साहू समेत स्कूल स्टाफ ने हर्ष जताया है।

### युवती ने फांसी लगाकर दी जान, कारण अज्ञात

कांकेर। बड़गांव थानांतर्गत ग्राम जवाहर खेड़ेगांव में युवती ने चुनरी से फंदा बनाकर फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतिका के पिता ने पुलिस को बताया कि उसकी बेटी 19 वर्षीय खेमिन नरेटी ने 25 मार्च को अज्ञात कारणो के चलते घर के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### बंजारी मंदिर में आज भंडारे का आयोजन

दुर्गुकोंदल। गोयल ग्रुप द्वारा श्रद्धा और भक्ति के साथ आदिशक्ति मां बंजारी देवी के आशीर्वाद से विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। इस पावन अवसर पर क्षेत्र के समस्त श्रद्धालुओं एवं नागरिकों को सादर आमंत्रित किया गया है। यह धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन 27 मार्च शुक्रवार को बंजारी माता मंदिर हाहालद्दी में आयोजित होगा। भंडारे का शुभारंभ दोपहर 12 बजे से किया जाएगा, जिसमें भक्तजन प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त करेंगे।

### घायल की मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत आसुरखार निवासी 40 वर्षीय भारत गावड़े पिता नरसिंह गावड़े का इलाज के दौरान 19 मार्च को रायपुर के अस्पताल में मौत हो गया।

## निधन

### गजराज जैन

**धमतरी।** नगर के प्रतिष्ठित समाजसेवी गजराज जैन (लुंकड़)



का 92 वर्ष की आयु में 25 मार्च की रात्रि 11.20 बजे निधन हो गया है। अंतिम यात्रा निवास स्थान अमर टॉकीज के पीछे गुरुद्वारा गली से निकली। वे कविंद्र जैन के पिता, पुखराज, रमेश कुमार के चाचा, चाणक्य, वैभव, प्रदीप, रितेश, जितेश एवं तेजस के दादा थे।

### गंगाबाई सोनकर

**धमतरी।** गणेश चौक ब्राह्मणपारा



वार्ड निवासी श्रीमती गंगाबाई सोनकर उम्र 65 वर्ष का गुरुवार की शाम निधन हो गया। वह घासीराम सोनकर की पत्नी, पूर्व मंडी सचिव कन्हैयालाल सोनकर की बहू तथा डॉ. चंद्रशेखर हरित एवं भागवत हरित (फिंगेश्वर) की बहन थीं। अंतिम यात्रा शुक्रवार की सुबह 10 बजे उनके निवास स्थान से शांतिघाट के लिए निकलेगी जहां विधि-विधान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया जायेगा।

पचास छात्रों की क्षमता वाला बालक छात्रावास, स्मार्ट क्लास रूम सहित कई कार्यों को मंजूरी

# धरती आबा से बदलेगी 108 गांवों की सूरत, काम शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

आदिवासी बाहुल्य गांवों की सूरत बदलनी शुरू हो गई है। हास्टल, स्मार्ट क्लास रूम, मुर्गी पालन शेड, मछली आइस बाक्स सहित कई विकास कार्यों की स्वीकृति मिली है। इसमें से कई पर कार्य भी शुरू कर दिया है। अन्य कार्यों की स्वीकृति का इंतजार है।

धरती आबा योजना के तहत आदिवासी बाहुल्य गांवों में विकास कार्यों को स्वीकृति मिलनी शुरू हो गई है। आदिवासी विकास विभाग से मिली जानकारी के अनुसार पहले चरण में कुकरेल के स्वामी आत्मानंद स्कूल में 50 सीटर ब्वायज हास्टल की स्वीकृति मिली है। यही नहीं इस योजना के तहत आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र के 6 स्कूलों में स्मार्ट क्लास रूम की स्वीकृति मिली है, जिस पर काम भी शुरू हो गया है। 25 यूनिट मुर्गी शेड सहित बड़ी संख्या में मत्स्याखेट करने वालों के लिए आइस बाक्स की स्वीकृति मिली है। विभागों द्वारा इन कार्यों के अतिरिक्त बड़ी संख्या में विकास कार्यों का प्रस्ताव भेजा गया है। इन कार्यों को स्वीकृति मिलने का इंतजार है। उल्लेखनीय है कि विभागों द्वारा भेजे गए प्रस्ताव का 50 प्रतिशत भी स्वीकृत होता है तो आदिवासी बाहुल्य गांवों की तस्वीर निखर जाएगी। इस योजना का सबसे ज्यादा फायदा वनांचल नगरी के गांवों को होगा।

### 108 गांव हुए चयनित

यह योजना पूरे देश में संचालित है। इस योजना में उन गांवों को प्राथमिकता दी गई है, जहां की आबादी 500 से अधिक है और आदिवासियों की आबादी कम से कम 50 प्रतिशत है। जिले में ऐसे 108 गांवों का चयन किया गया है। इसमें से सर्वाधिक 83 गांव ब्लाक नगरी से हैं। मगरलोड के 13, धमतरी के 11 और कुरूद ब्लाक का 1 गांव शामिल है।

### 17 विभागों की 25 योजनाएं

धरती आबा योजना का नाम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भगवान बिरसा मुंडा के सम्मान में रखा गया है। इसका मुख्य उद्देश्य सामाजिक बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य, शिक्षा और आजीविका की कमियों को दूर करना है। यह योजना 17 केंद्रीय मंत्रालयों के समन्वय से चल रही है और इसमें 25 अलग-अलग योजनाएं शामिल हैं। गांवों में पक्की सड़क, पेयजल, मोबाइल कनेक्टिविटी और इंटरनेट जैसी सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।

## विद्यार्थियों को मिलेंगी बेहतर सुविधाएं

**धमतरी।** शासकीय माध्यमिक शाला परिसर झूरा नवागांव में शेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जनपद पंचायत उपाध्यक्ष केशव साहू, भाजपा मंडल भोथली अध्यक्ष मिश्री लाल पटेल एवं ग्राम सरपंच ने किया। अतिथियों ने बताया कि प्रस्तावित शेड निर्माण से विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रम और अन्य गतिविधियों के लिए सुरक्षित एवं सुविधाजनक स्थान उपलब्ध होगा। शिक्षा के क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार सरकार की प्राथमिकता है। जनपद उपाध्यक्ष केशव साहू ने बताया कि शेड निर्माण कार्य में 15 लाख रुपये की लागत आएगी। इसके साथ ही वार्ड क्रमांक 02 में नाली निर्माण कार्य का भी भूमिपूजन किया गया। मौके पर पंच चैन सिंह साहू, दीनदयाल निषाद, उषा बाई यादव, संध्या साहू, ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष चुम्मन लाल साहू, उपाध्यक्ष टीकाराम साहू, अरुण साहू, शत्रुघ्न साहू शामिल हुए।

## अतिक्रमण पर चला प्रशासन का बुलडोजर



हरिभूमि न्यूज ⏭जीजामगांव

ग्राम कोड़ापार में पुलिस प्रशासन एवं ग्राम पंचायत की संयुक्त टीम द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। पहले से नोटिस दिए जाने के बावजूद अतिक्रमण नहीं हटाए जाने पर प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए बुलडोजर चलाकर अवैध कब्जों को हटाया।

जानकारी के अनुसार प.ह.न. 35 के खसरा नंबर 354 और 355 की शासकीय घास भूमि पर कुंदन साहू, रूपेश मेश्राम, धीरज चौहान, खेदु साहू, इंदल मेश्राम, कलीराम साहू सहित अन्य लोगों द्वारा अतिक्रमण कर मकान निर्माण किया गया था।

पंचायत अधिनियम के तहत इन अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान प्रशासन और पुलिस की टीम मौके पर मौजूद रही, ताकि कानून-व्यवस्था बनी रहे। जेसीबी मशीन की मदद से अतिक्रमण को हटाया गया और पूरी प्रक्रिया शांतिपूर्वक संपन्न हुई।

## राम नवमी पर भक्ति और रोशनी से जगमगाया नगर



हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

श्रीराम जन्मोत्सव (राम नवमी) के को लेकर नगर में हिंदू संगठनों द्वारा व्यापक स्तर पर सजावट की गई है। नगर के मुख्य प्रवेश द्वार को आकर्षक सजाया गया है, जो श्रद्धालुओं और आमजन का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। इसके साथ ही नगर के प्रमुख चौक-चौराहों विशेष रूप से बजरंग चौक एवं बजरंग बली मंदिर परिसर को भगवा रंग की सजावट और रंग-बिरंगी आकर्षक लाइट से सुसज्जित किया गया है। पूरा नगर धार्मिक वातावरण में सराबोर नजर आ रहा है। जगह-जगह सजावट, रोशनी और भक्ति से ओतप्रोत माहौल श्रद्धालुओं के उत्साह को और बढ़ा रहा है। हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं द्वारा लगभग एक सप्ताह पूर्व से ही नगर को सजाने और आयोजन को सफल बनाने के लिए तैयारियां शुरू कर दी गई थीं।

## श्रमजीवी पत्रकार संघ का पुनर्गठन



हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

- अंगेश अध्यक्ष व कुलदीप महासचिव बने

छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ के बैनर तले नगरी सिहावा क्षेत्र के पत्रकारों की बैठक स्थानीय रेस्ट हाउस में हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त बनाना, सदस्यता नवीनीकरण को गति देना तथा आगामी ब्लॉक एवं जिला स्तरीय गतिविधियों की रूपरेखा तय करना था।

बैठक में संभागीय सचिव गोपी कश्यप, जिला प्रभारी ललित साहू एवं जिला अध्यक्ष रूपेश साहू सहित जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे। गोपी कश्यप ने संगठन के उद्देश्यों, सिद्धांतों और पत्रकार हितों के लिए किए जा रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला। इसके पश्चात सदस्यता नवीनीकरण की प्रक्रिया पूर्ण कराई गई। इस दौरान नगरी ब्लॉक इकाई का सर्वसम्मति से पुनर्गठन किया गया। जीवन नाहटा संरक्षक तथा अंगेश हिरवानी अध्यक्ष बनाए गए। कुलदीप साहू महासचिव, थरून निषाद उपाध्यक्ष, मिथिलेश पटेल कोषाध्यक्ष एवं नारद साहू मीडिया प्रभारी नियुक्त किये गये। मौके पर अशोक संचेती, अभिनव अवस्थी, राजू गोसाई, रिजवान मेमन, गोलू मंडावी, राजू पटेल, देवेंद्र सेन, विजयलक्ष्मी कश्यप, महेश नेताम समेत अन्य पत्रकार उपस्थित थे।

## कला केंद्र बच्चों की प्रतिभा निखारने का महत्वपूर्ण मंच

- निगम आयुक्त एवं उपायुक्त ने इतवारी बाजार स्थित कला केंद्र का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



निगम आयुक्त प्रिया गोयल एवं उपायुक्त पीसी सार्वा द्वारा ने इतवारी बाजार स्थित कला केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान केंद्र की व्यवस्थाओं, उपलब्ध संसाधनों एवं बच्चों के लिए संचालित गतिविधियों का अवलोकन किया।

निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने केंद्र को और अधिक सक्रिय एवं उपयोगी बनाने पर जोर देते हुए संचालक को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कला केंद्र बच्चों की प्रतिभा निखारने का महत्वपूर्ण मंच है। यहां नियमित रूप से ड्राइंग, रंगोली एवं अन्य रचनात्मक गतिविधियों की कक्षाएं प्रारंभ की जाएं। इस तरह की गतिविधियों से बच्चों के मानसिक एवं रचनात्मक विकास को बढ़ावा मिलेगा और वे अपनी कला को बेहतर ढंग से प्रदर्शित कर सकेंगे। उपायुक्त पीसी सार्वा ने भी संबंधित को समयबद्ध तरीके से कक्षाएं शुरू करने तथा आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कला केंद्र संचालक ने जल्द ही व्यवस्था पूर्ण कर बच्चों के लिए नियमित कक्षाएं शुरू करने का आश्वासन दिया।

## कोसमर्रा में पानी टैंकर के लिए 2.50 लाख स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ⏭भखारा



ग्राम कोसमर्रा में पेयजल समस्या के समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल हुई है। ग्रामीणों ने इस समस्या से सरपंच डॉ कुलेश्वर साहू को अवगत कराया। इसके बाद जनपद सिंधु बैस ने फाइल करते हुए पानी टैंकर खरीदी के लिए दो लाख 50 हजार रुपये की राशि स्वीकृत की है। इस उपलब्धि पर हेमलाल चौरे समेत ग्रामवासियों ने सिंधु बैस के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## बच्चों को दी गई विटामिन ए की खुराक

**नगरी।** आंगनबाड़ी केंद्र कोटपारा नगरी में शिशु संरक्षण माह का शुभारंभ वार्ड पार्षद हरीश साहू द्वारा बच्चों को विटामिन ए पिलाकर किया गया तथा बच्चों को आयरन सिरप दी गई। शिशु संरक्षण माह में 0 से 5 के बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। 6 माह से 5 साल के बच्चों को आयरन सिरप और 9 माह से 5 साल तक बच्चों को विटामिन ए का घोल पिलाया गया।

राज्य सरकार अपने संकल्पों को पूर्ण करने के लिए प्रतिबद्ध : सार्वा

# भूमिहीन कृषि मजदूरों को प्रमाण-पत्र का वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



जनपद पंचायत नगरी के सभाहाल में दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर योजना अंतर्गत एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा बलौदाबाजार से प्रदेशभर के भूमिहीन कृषि मजदूरों के बैंक खातों में 10,000 की आर्थिक सहायता राशि के अंतरण का सीधा प्रसारण बड़ी स्क्रीन के माध्यम से जनसमुदाय को दिखाया गया।

इस अवसर पर जनपद पंचायत नगरी क्षेत्र के पात्र भूमिहीन कृषि मजदूरों को प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। प्रमाण पत्र प्राप्त कर हितग्राहियों के चेहरे पर संतोष और प्रसन्नता साफ झलक रही थी।

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा, उपाध्यक्ष हृदय साहू, पूर्व विधायक श्रवण मरकाम, नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, एसडीएम प्रीति दुर्गम, जनपद पंचायत सीईओ रोहित बोरझा, नगरी तहसीलदार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी भी मौजूद रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर योजना केवल आर्थिक सहायता प्रदान करने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समाज के सबसे वंचित वर्ग को सम्मान और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ाने का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अपने संकल्पों को पूर्ण करने के लिए प्रतिबद्ध है और यह योजना विष्णु का सुशासन तथा मोदी की गारंटी की भावना को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनकल्याणकारी नीतियों का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार गरीब, किसान और मजदूर वर्ग के जीवन स्तर को ऊपर उठाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

कार्यक्रम के दौरान हितग्राहियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। लाभान्वित मजदूरों ने शासन की इस पहल के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह आर्थिक सहायता उनके दैनिक जीवन में राहत प्रदान करेगी तथा उन्हें अपने परिवार की आवश्यकताओं को पूरा करने में सहूलियत मिलेगी। कई हितग्राहियों ने इसे अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने वाला कदम बताया।

## संक्षिप्त खबरें

### शीतला मंदिर दरबार में जले आस्था के 160 दीप



**जीजामगांव।** चैत्र नवरात्रि पर ग्राम मड़ेली के शीतला मंदिर दरबार में 160 दीप प्रज्वलित किए गए हैं जिसमें 8 दीप घी के जलाए गए हैं। प्रतिदिन श्रद्धालु मां की जस सेवा कर रहे हैं सेवा गीत से मां को प्रसन्न किया जा रहा है। पंचमी पर श्रद्धालुओं ने मां शीतला को सोलह श्रृंगार अर्पण किया। गांव की देवी देवताओं की पूजा अर्चना की और गांव की सुख समृद्धि के लिए मां शीतला से प्रार्थना की। गांव में 2 घर में जोत जंवारा की स्थापना की गई है। जोत की सुरक्षा में मां के भक्त जुटे हुए हैं। यह जानकारी निरंजन निषाद, पंचराम, डेराराम, रिखी राम, योगेश निषाद एवं निलेश ध्रुव ने दी है।

### ग्रामीणों को मिलेगी कीचड़ से राहत



**नगरी।** ग्राम पंचायत गोरेगांव के वार्ड क्रमांक 2 में सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया। कार्यक्रम में सरपंच कन्हैयालाल नाग, उपसरपंच जीवन यादव, पंचगण धनेश्वरी अटलखाम, धनेश्वरी साहू, हितेश्वरी ध्रुव, सुमित्रा बंजारे, ग्राम सभा अध्यक्ष श्रीमती फूलो बाई ध्रुव तथा मोहल्लेवासियों की उपस्थिति रही। जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने संयुक्त रूप से भूमि पूजन कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सरपंच कन्हैया लाल नाग ने कहा कि सीसी रोड निर्माण से वार्डवासियों को लंबे समय से हो रही कीचड़ की समस्या से राहत मिलेगी और आवागमन सुगम होगा।

### बम्लेश्वरी मंदिर में 28 दीप प्रज्ज्वलित



**जीजामगांव।** ग्राम मड़ेली के बम्लेश्वरी मंदिर में 28 मनोकामना दीप प्रज्ज्वलित किए गए हैं। एक घी ज्योति जल रही है। माता के दरबार में जस सेवा, भजन का आयोजन हो रहा है। माता की सेवा में लक्ष्मीनारायण साहू, निरंजन निषाद, नारायण शर्मा, झब्बू साहू, डेमन साहू, पूनमचंद साहू, यमन साहू, पूरन साहू, जीवन साहू, शत्रुघ्न साहू, परमानंद, परदेसी साहू एवं शीतल साहू जुटे हुए हैं।

### डांडेसरा के शीतला मंदिर में हुआ हवन



**डांडेसरा (धमतरी)।** चैत्र नवरात्र पर ग्राम डांडेसरा के शीतला मंदिर में 7 मनोकामना ज्योति प्रज्वलित की गई है। सुबह व शाम को दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालु पहुंच रहे। महाष्टमी पर मंदिर में हवन-पूजन हुआ। उपसरपंच दामिनी अंगद चन्द्राकार द्वारा नव कन्या भोज कराया गया। इसके बाद प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर पुजारी खेतराम गोंड, पंडित डिलेश्वर प्रसाद शास्त्री, ग्रामीण अध्यक्ष लक्ष्मण साहू, उपाध्यक्ष पंकज जोशी, ढालसिंग दीवान, पन्नालाल चन्द्राकार, हरिराम दीवान, चन्द्रहास चन्द्राकार, मानसिंग साहू, होरीलाल दीवान, टिकेश्वर साहू उपस्थित थे।

### पूर्व विधायक ने मंदिरों में की पूजा



**धमतरी।** पिछड़ा वर्ग कांग्रेस के राष्ट्रीय समन्वयक लेखराम साहू ने सपरिवार मां अंगारमोती एवं विंध्यवासिनी माता मंदिर पहुंचकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान उन्होंने प्रदेश एवं क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। श्री साहू ने कहा कि नवरात्रि शक्ति की उपासना का पर्व है, जो हमें सत्य, साहस और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। मां दुर्गा की आराधना से जीवन में शांति, ऊर्जा और सकारात्मकता का संचार होता है। पूजा-अर्चना के बाद श्री साहू ने मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारियों, पुजारियों एवं श्रद्धालुओं से मुलाकात की।

तापमान
अधिकतम 37 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 27 मार्च 2026

16 महाअष्टमी पर उमड़ा आस्था का सैलाब

17 रंगों में सजी आस्था : दीपक की रंगोली बनी आकर्षण ....








### महाअष्टमी पर मां अंगारमोती के दरबार में पारंपरिक पद्धति से हुई पूजा-अर्चना

# आर्य-अनार्य पूजा विधान का दिखा अनोखा संगम

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

चैत्र नवरात्रि की महाअष्टमी पर आदिशक्ति मां अंगारमोती के दरबार में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। यहां आर्य-अनार्य की संयुक्त पूजा की अनोखी परंपरा के हजारों श्रद्धालु साक्षी बने। मां अंगारमोती के समक्ष बैगा गुनिया, गायता ने पान के पत्तों में 9 देवी के रूप में चावल, नींबू, हल्दी, सुपाड़ी रखकर रूढ़िवादी परंपरा के तहत पूजा - अर्चना की। वनदेवी मां अंगारमोती के आंगन में नौ दुर्गा के नाम से 9 कुंड स्थापित कर वैदिक विधि विधान से पंडित ने हवन पूजन संपन्न कराया।

आदिशक्ति मां अंगारमोती ट्रस्ट के अध्यक्ष जीवराखनलाल मरई ने बताया कि बैगा गुनिया, गायता (सिरहा) जनजातीय परंपराओं के संरक्षक और पारंपरिक वैद्य माने जाते हैं। मां अंगारमोती के पुजारी पीढ़ी दर पीढ़ी चले आ रहे हैं। आदिकाल से माता की पूजा रूढ़िवादी परंपरा के साथ हो रही है। सबसे पहले माता के पुजारियों एवं समाज के लोग परंपरागत पूजा करते हैं जिसमें पारंपरिक वाद्ययंत्र अनिवार्य रहता है। परंपरागत पूजा से माता के पुजारियों पर देव की सवारी आती है और वे डांग, देव विग्रह के साथ दरबार में स्थित सभी देवी देवता तथा ज्योति कक्ष पहुंचकर हुम, धूप के साथ पूजा-अर्चना करते हैं।

उन्होंने बताया कि माता के समक्ष मनोकामना ज्योति प्रज्ज्वलित



कराने वाले हजारों लोग वैदिक पूजा पद्धति से जुड़े हुए हैं। उनके लिए वैदिक पूजा विधान के तहत यक्ष हवन से महाअष्टमी की पूजा कराई जाती है। श्री मरई ने बताया कि पूरे प्रदेश में आर्य अनार्य की अद्भुत पूजा गंगरेल स्थित मां अंगारमोती के दरबार में होती है। हवन पूजन के बाद श्रद्धालुओं के लिए ट्रस्ट ने विशाल भंडारा का आयोजन रखा था।

महाअष्टमी पर्व के इस कार्यक्रम में आदिशक्ति मां अंगारमोती ट्रस्ट गंगरेल के अध्यक्ष जीवराखन लाल मरई, उपाध्यक्ष माधव सिंह ठाकुर, पुजारी ईश्वर सिंह नेताम, सहपुजारी केशव सिंह नेताम, संरक्षक एआर ठाकुर, शिवचरण नेताम, सचिव ढालूराम ध्रुव, सहसचिव देवानंद नेताम, कोषाध्यक्ष ओंकार सिंह नेताम, वरिष्ठ सदस्य हेमलाल ठाकुर, सदस्य कोमल सिंह ठाकुर, नरोत्तम सिंह ठाकुर, मनराखन ठाकुर, उदय नेताम, गणेश्वर ध्रुव, जयपाल सिंह ठाकुर, ललित ठाकुर, छेदप्रसाद कौशिल, नारायण सिंह ध्रुव, ठाकुर राम नेताम, नंदा ध्रुव, शशि ध्रुव, भगतराम उइके, रामजी ध्रुव, शत्रुघन नेताम, बलिराम ध्रुव, राधेश्याम नेताम, गीता नेताम, बुधंतीन नेताम, अनीता ध्रुव, मानसिंग मरकाम, अर्जुन सिंह कोर्राम, तुकाराम मरकाम, शिवकुमार कुंजाम, बसंतराम नेताम, राजेन्द्र पटोडी, नरेन्द्र कुमार, हनीराम नेताम, रोशन मरकाम, देवेन्द्र नागवंशी, सोहन कुंजाम, रामेश्वर मरकाम, दाऊकृष्ण कुमार गुप्ता, सुदर्शन ठाकुर, मानसिंह मरकाम, भगत उइके, होमन सिंह कतलाम, शेषकुमार ध्रुव, चंद्रकला नेताम, प्रेमलता नेताम, प्रेमप्रकाश ध्रुव ,बंटी मरकाम, कृष्णा मरकाम, जितेन्द्र कुंजाम, युवराज मरकाम, हेमंत छेदैया, खिलेश नेताम, नंदकिशोर नेताम सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं श्रद्धालुजन मौजूद थे।

### कनोपी और लाइटिंग से आकर्षक हुआ माता का शेड

मां अंगारमोती के पुजारी ईश्वर नेताम बताते हैं कि मां अंगारमोती का मंदिर बनाने बड़े बड़े लोग दान देने को आतुर हैं लेकिन अंगारमोती वन देवी हैं। उन्हें खुले में रहना पसंद हैं। माता एवं उनकी सवारियों के छांव के लिए शेड लगाया गया है जिसे केनोपी और लाइटिंग से मनाने के लिए ट्रस्ट ने अनुमति मांगी। इसके लिए बैगा गुनिया गायता ने देवी का आव्हान किया। माता के सहर्ष स्वीकार करने पर केनोपी और लाइटिंग से माता के शेड को आकर्षक बनाया गया है।

# संरक्षित होंगी प्राचीन पांडुलिपियां, ऑनलाइन देख सकेंगे लोग

- जनसुलभ होगा इतिहास का दस्तावेज, पीएचडी करने वालों को मिलेगा लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

दादा-परदादा के जमाने में लिखे गए किताब, ग्रंथ को अब दस्तावेज के रूप में संरक्षित करने की कवायद शुरू हो गई है। भारत सरकार की ज्ञान भारतम योजना के तहत इन पांडुलिपि को संरक्षित कर डिजिटाइजेशन किया जाना है। जिलास्तर पर इसके लिए गठित समिति ने काम भी शुरू कर दिया है।

इतिहास में कई बड़ी महत्वपूर्ण घटनाएं हुई हैं, जिसके बारे में आज की पीढ़ी ज्यादा नहीं जानती है। कुछ लोग जानते भी हैं तो दंत कथाओं के रूप में। इन घटनाओं को लेकर पूर्वजों ने कई जानकारियां हाथों से लिखकर या टाइप कर लिखी हुई हैं। यदि इन दस्तावेजों को एक क्रम में मिलाया जाता है तो इतिहास की कई घटनाओं का एक पूरा लिखित दस्तावेज तैयार हो सकता है।

इसी उद्देश्य से पूर्वजों द्वारा लिखी गई पांडुलिपि को संरक्षित करने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा संस्कृति मंत्रालय के अंतर्गत ज्ञान भारतम योजना शुरू की गई है। इस योजना के तहत देशभर के विद्यालयों, संग्रहालयों, पुस्तकालयों सहित निजी व्यक्तियों के पास रखी हुई प्राचीन पांडुलिपियों को सुरक्षित किया जाना है। धमतरी जिले में भी लोगों के पास ऐसी कई पांडुलिपि उपलब्ध है, जिन्हें संरक्षित किया जाएगा।

### आने वाली पीढ़ी को मिलेगी जानकारी

आने वाली पीढ़ी अपने क्षेत्र के इतिहास को केवल दंत कथाओं में न सुने, बल्कि सत्यापित दस्तावेजों से भी सच्ची घटना की जानकारी ले सकें, इसके लिए यह योजना काफी महत्वपूर्ण साबित होगी। डिजिटाइजेशन से ये पांडुलिपि व्यापक स्तर पर जनसुलभ हो जाएगी। उल्लेखनीय है कि पीएचडी करने वाले लोगों के लिए यह वरदान साबित होगा। उन्हें शोध के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है, डिजिटाइजेशन से उन्हें लाभ होगा।

### डिजिटाइजेशन होगा

इस योजना के तहत धमतरी में जिलास्तरीय समिति का गठन किया गया है, जिसके अध्यक्ष कलेक्टर अबिनाश मिश्रा हैं। सचिव सहायक जिला शिक्षाधिकारी यदुनंदन वर्मा हैं। इसके अतिरिक्त पांच और सदस्य हैं। समिति सचिव श्री वर्मा ने लोगों से अपील की है कि किसी के पास इस प्रकार की पांडुलिपि है तो वे इसकी जानकारी दें। उनके दस्तावेजों का पेटेंट होगा। दस्तावेजों को संरक्षित कर डिजिटाइजेशन किया जाना है।

# राजेंद्र बने जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष

- पीसीसी चीफ दीपक के अनुमोदन के बाद नई कार्यकारिणी को मिली मंजूरी, संगठन में उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭सांकरा/नगरी

छत्तीसगढ़ में कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाने की दिशा में प्रदेश कांग्रेस कमेटी लगातार सक्रिय है। इसी क्रम में जिला कांग्रेस कमेटी की नई कार्यकारिणी को प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के अनुमोदन के बाद औपचारिक रूप से जारी कर दिया गया है। इस नई कार्यकारिणी में वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेंद्र सोनी को जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है, जिससे संगठन में उत्साह का माहौल है।


राजेन्द्र सोनी


तारिणी चंद्राकर

जिला अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर की अनुशंसा पर प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैंदू द्वारा यह नियुक्ति की गई। खासकर सिहावा विधानसभा और आदिवासी अंचल के कार्यकर्ताओं में इस निर्णय को लेकर सकारात्मक प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है।

राजेंद्र सोनी को जमीनी स्तर से जुड़े सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में जाना जाता है। वे बूथ अध्यक्ष से लेकर जोन अध्यक्ष, युवक कांग्रेस अध्यक्ष और ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नगरी के अध्यक्ष जैसे विभिन्न पदों पर अपनी जिम्मेदारी निभा चुके हैं। संगठनात्मक अभियानों और जनसमस्याओं को लेकर भी उनकी भूमिका प्रभावी रही है। चुनावी प्रबंधन और प्रशासनिक अनुभव के चलते उन्हें संगठन में एक मजबूत चेहरा माना जाता है। उनकी नियुक्ति को आदिवासी क्षेत्र के प्रतिनिधित्व के रूप में भी देखा जा रहा है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में संगठन को मजबूती मिलने की उम्मीद है। अपनी नियुक्ति पर राजेंद्र सोनी ने कहा कि वे पार्टी नेतृत्व के विश्वास पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे और संगठन को मजबूत बनाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। नई कार्यकारिणी के गठन के साथ ही जिले में कांग्रेस संगठन को नई गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

# महाष्टमी पर शीतला शक्तिपीठ सिहावा में हुआ हवन पूजन

### कन्याओं को कराया गया भोज, माता की महाआरती कर सुख समृद्धि मांगी



हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी


चैत्र नवरात्रि की महाष्टमी पर शीतला शक्तिपीठ सिहावा में गुरुवार को हवन पूर्णाहुति में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। प्रातः देवी मां के स्वरूप नव कन्याओं व लंगरूवा महराज का चरण धोकर कर उन्हें आसन में विराजित कर उनके माथे पर रोली अक्षत का तिलक वन्दन व लाल चुनरी ओढ़ाकर खीर पूड़ी, फल आदि का भोज कराया। हवन 11 बजे प्रारंभ हुआ जो शाम तक चला। हवन में दुर्गा सप्तशती के तेरह अध्यायों के बीज मंत्रों से आहुति प्रदान की गई। श्रद्धालुओं ने विभिन्न प्रकार की औषधि युक्त सांखला का उपयोग कर प्रथम अध्याय से तेरहवें अध्याय तक बारी-बारी से यज्ञ शाला में प्रवेश लेकर यज्ञ व पूर्णाहुति में भाग लिया। माता की महाआरती कर सुख समृद्धि



की कामना की गई।

इस दौरान आचार्य नारायणप्रसाद पाठक ने महाष्टमी का महत्व बताते हुए कहा कि अष्टमी के दिन मां दुर्गा के आठवें स्वरूप महागौरी की पूजा की जाती है। उनकी आराधना से मानसिक शान्ति, स्वास्थ्य और समृद्धि प्राप्त होती है। नवरात्रि साधना करने का महापर्व है। नव दिनों तक जप तप करने से मन में व्याप्त विकारों का नाश होता है।

मौके पर समिति के अध्यक्ष कैलाश पवार, प्रमुख संचालक नरेंद्र नाग, उपाध्यक्ष गगन नाहटा, रामलाल नेताम, महासचिव नेम सिंह बिशेन, सहसचिव नारद निषाद, बुधेश्वर साहू, कोषाध्यक्ष गैंदलाल यादव, पुजारी ज्ञानसागर पटेल, गणेश यादव, राजेश यदु, बलदेव निषाद, राजकुमार निषाद, दीनदयाल गंधर्व, सुभाष यादव, महेंद्र साहू, शैलेन्द्र कौशल, शान्ति लाल साहू, कौशल पटेल, शंकर पटेल, चंदन देवांगन, देवन्तीन श्रीमाली, रीना बिसेन, खेमिन यादव, गायत्री पटेल, गोमती निषाद, अभय नेताम, पूरन बिसेन, अंश गौतम समेत अन्य मौजूद थे।



# गरज-चमक के साथ वज्रपात की चेतावनी मौसम फिर लेगा करवट

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

मौसम फिर करवट लेने जा रहा है। आगामी दिनों में गरज-चमक के साथ बिजली गिरने तथा तेज हवाओं के साथ हल्की बारिश की संभावना है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार एक द्रोणिका गंगटीय पश्चिम बंगाल से ओडिशा होते हुए दक्षिण छत्तीसगढ़ तक 1.5 किमी की ऊंचाई पर फैली हुई है। इसके प्रभाव से शुक्रवार को प्रदेश के एक दो स्थानों में हल्की बारिश की संभावना है। वहीं एक दो स्थानों में गरज-चमक के साथ 30 से 40 किमी की रफ्तार से तेज हवा चलने तथा वज्रपात की चेतावनी है। यह स्थिति अगले दो दिनों तक बनी रह सकती है। प्रदेश का अधिकतम तापमान सामान्य रहा। आगामी दो दिन में 2 डिग्री सेल्सियस तापमान बढ़ने की संभावना है।

# मातारानी को ध्वजा चढ़ाकर कन्या भोज कराया

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

छत्तीसगढ़ प्रांतीय अखंड ब्राह्मण समाज धमतरी इकाई द्वारा हिंदू नववर्ष एवं चैत्र नवरात्रि पर सप्तमी तिथि पर मातारानी को ध्वजा चढ़ाकर 11 कन्याओं का कन्या भोज एवं जस गीत का आयोजन श्रीराम जानकी मठ मंदिर धमतरी में किया गया। अर्चना पांडे ने बताया कि कन्या भोज सिर्फ एक परंपरा नहीं, बल्कि मां के प्रति हमारा आभार है। मौके पर सरिता दीवान, नलिनी मिश्रा, पूजा मिश्रा, सरिता पाण्डेय, गौरी मिश्रा, डाली मिश्रा, सरिता शर्मा, संजू मिश्रा, संगीता मिश्रा, नंदनी तिवारी, क्षमा मिश्रा, सुनीता पाण्डेय, अंजलि पांडे, शालिनी पांडे, नूपुर पांडे, मीनाक्षी मिश्रा, मीनाक्षी शर्मा, गौरी शर्मा, निक्की दुबे, गार्गी शर्मा, आभा दीक्षित,



अंजना दीक्षित, निधि शर्मा, निर्मला शर्मा, वर्षा चतुर्वेदी मौजूद थीं।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक
स्थायी ईलाज
विशेषताएं-
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
मात्र 15,500/-
09 दिन
EX-हरिद्वार
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
ब्रेकफास्ट, डिनर, 25 सीटर टेम्पो ट्रैवलर, होटल, मैनेजर/ गाइड
20 अप्रैल, 06 मई, 09 मई, 13 मई, 18 मई, 08 जून, 17 जून 2026
राशि:- स्टैंडर्ड पैकेज 15,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

## खबर संक्षेप



### पचमढ़ी पर्वतारोहण शिविर से स्काउट-गाइड दल लौट

**कांकेर।** मध्य प्रदेश के पचमढ़ी में आयोजित 5 दिवसीय राज्य स्तरीय पर्वतारोहण एवं साहसिक प्रशिक्षण शिविर में भाग लेकर कांकेर जिले के 80 स्काउट-गाइड का दल वापस लौट आया है। 20 से 24 मार्च तक चले इस शिविर में 51 गाइड, 25 स्काउट और 4 प्रभारी शिक्षकों ने हिस्सा लिया। प्रतिभागियों ने रॉक क्लाइंबिंग, रैपलिंग, ट्रेकिंग और जिप लाइन जैसी साहसिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी दल ने प्रभावशाली प्रस्तुति दी। कांकेर आगमन पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने

### आज निकाली जाएगी शोभायात्रा

**लोहंडीगुड़ा।** शुक्रवार को रामनवमी के पावन अवसर पर धाकड़ समाज द्वारा 9 बजे शोभायात्रा, बाईक रैली एवं कलश यात्रा निकाली जाएगी। ब्लाक के सभी प्रमुखजनों, बालक, बालिका, महिला पुरुष सर्व सनातनी शामिल होने अपील की गई है। शोभायात्रा लोहण्डीगुड़ा कालीमंदिर से उसरीबेड़ा से चित्रकोट शिवमंदिर में समापन किया जायेगा। कार्यक्रम में बस्तर महाराज कमलचंद भंजदेव एवं महारानी शामिल होने का सहमति दे चुके है।

### स्त्री रोग विशेषज्ञ से 21 गर्भवती माताएं लाभान्वित



**बीजापुर।** जिले में ग्रामीण क्षेत्रों तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने की दिशा में एक सराहनीय पहल के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुटरू में स्त्री रोग विशेषज्ञ की सेवाएं उपलब्ध कराई गईं, जिससे कुल 21 गर्भवती माताएं लाभान्वित हुईं। कलेक्टर संबित मिश्रा के दिशा-निर्देश एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बीआर पुजारी के मार्गदर्शन में जिले के सभी ब्लॉकों में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्तर पर माह में दो बार विशेषज्ञ डॉक्टरों की उपस्थिति सुनिश्चित करने की पहल की जा रही है। इस व्यवस्था का उद्देश्य दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को स्थानीय स्तर पर ही गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है, ताकि उन्हें जिला अस्पताल तक आने की आवश्यकता न पड़े। इसी क्रम में 24 मार्च को कुटरू स्वास्थ्य केंद्र में स्त्री रोग विशेषज्ञ द्वारा गर्भवती महिलाओं की जांच एवं आवश्यक उपचार किया गया। इस दौरान 21 गर्भवती माताओं का सफलतापूर्वक स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यक परामर्श और उपचार प्रदान किया गया। इस पहल से ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को समय पर स्वास्थ्य सेवाएं मिल रही हैं, जिससे मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य में सुधार की दिशा में सकारात्मक परिणाम देखने को मिल रहे हैं। जिला प्रशासन का यह प्रयास स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ, प्रभावी और ग्रामीणों के करीब लाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### भस्कली नदी पर पोकलेन सील, हाईवा जब्त

**जगदलपुर।** जिले के खनिज अमले ने अवैध उत्खनन के विरुद्ध कार्रवाई की है। 26 मार्च को तहसील बकावंड के ग्राम बेलगांव और बनियागांव क्षेत्र में खनिज अधिकारी शिखर चेरपा के मार्गदर्शन में जांच दल ने छत्तीसगढ़ और ओड़िशा भस्कली नदी पर दबिश दी। कार्रवाई के दौरान मौके पर अवैध कार्य में संलिप्त एक पोकलेन मशीन को सील कर दिया गया। वहीं रेत परिवहन में लगे एक हाईवा को जप्त कर नगरनार थाना की अभिरक्षा में सौंपा गया है। इस पूरी कार्रवाई में सहायक खनि अधिकारी जागृत गायकवाड़, सिपाही डिकेश्वर खरे सहित टीम के सदस्य महादेव सेठिया, सीताराम और कृष्णा मौजूद रहे।

विभाग ने स्पष्ट किया है कि प्रकरण में नियमानुसार कड़ी दण्डात्मक कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन और परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण पाने के लिए खनिज अमले द्वारा निरंतर जांच अभियान चलाया जाएगा।

### मंदिरों में हवन-पूर्णाहुति और कन्या पूजन हुआ, माता के गूंजे जयकारे

# महाअष्टमी पर उमड़ा आस्था का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



चैत्र नवरात्रि की महाअष्टमी पर बुधवार को नगर सहित आसपास के क्षेत्र में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत माहौल देखने को मिला। सुबह से ही विभिन्न देवी मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी, जहां विधि-विधान से हवन-पूजन, पूर्णाहुति और कन्या पूजन का आयोजन किया गया।

शहर के प्रमुख मंदिरों मां विंध्यवासिनी, रिसाई माता, दंतेश्वरी और मावली माता मंदिर में निर्धारित मुहूर्त के अनुसार दोपहर पूर्व तक हवन संपन्न हुआ। मंत्रोच्चार के बीच श्रद्धालुओं ने आहुति अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि और कल्याण की कामना की। हवन के समापन पर पूर्णाहुति दी गई, जिससे मंदिर परिसर आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर हो उठा।

इसके पश्चात कन्या पूजन का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने छोटी कन्याओं को देवी स्वरूप मानकर उनके चरण पखारे, तिलक लगाया और चुनरी ओढ़ाकर सम्मानित किया। कन्याओं को पूड़ी, हलवा और चने का प्रसाद खिलाया गया तथा सामर्थ्य अनुसार उपहार और दक्षिणा भेंटकर आशीर्वाद लिया गया। गंगरेल स्थित प्रसिद्ध अंगारमोती मंदिर में शाम को हवन-पूजन का कार्यक्रम हुआ। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

धार्मिक मान्यता के अनुसार महाअष्टमी का हवन नवरात्रि साधना का महत्वपूर्ण पड़ाव माना जाता है। इसे पूजा में हुई त्रुटियों की क्षमा और मनोकामनाओं की पूर्ति का माध्यम समझा जाता है। वहीं कन्या पूजन को शक्ति की आराधना का प्रतीक मानते हुए विशेष महत्व दिया जाता है। पूरे दिन मंदिरों में भक्ति गीत, दुर्गा स्तुति और जयकारों की गूंज सुनाई देती रही। महाअष्टमी पर शहर का माहौल पूरी तरह भक्तिमय रहा और श्रद्धालुओं की आस्था चरम पर नजर आई।

# नगरीय निकाय की जनगणना में ग्रामीण क्षेत्र के शिक्षकों को ड्यूटी से मुक्त रखने की मांग

- छग टीचर्स एसोसिएशन ने जिला नोडल प्रभारी मनोज कुमार को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



छग टीचर्स एसोसिएशन जिला शाखा धमतरी के एक प्रतिनिधिमंडल ने जिला अध्यक्ष डॉ भूषणलाल चंद्राकार के नेतृत्व एवं प्रांतीय उपाध्यक्ष देवनाथ साहू, प्रांतीय महिला प्रतिनिधि सविता छाटा की उपस्थिति में डिप्टी कलेक्टर एवं जनगणना जिला नोडल प्रभारी मनोज कुमार मरकाम से मुलाकात कर अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा। बताया कि जनगणना कार्य 2026 अंतर्गत नगरीय निकाय धमतरी में ग्रामीण क्षेत्र में कार्यरत शिक्षक संवर्ग की ड्यूटी लगाई गई है। इसे निरस्त किया जाए। पदाधिकारियों ने बताया कि नगरी निकाय क्षेत्र अंतर्गत प्राथमिक माध्यमिक स्तर पर पर्याप्त संख्या में शिक्षक उपलब्ध होने के बाद में भी ग्रामीण क्षेत्र के शिक्षक संवर्ग की ड्यूटी शहरी क्षेत्र में लगाना सैद्धांतिक एवं व्यवहारिक नहीं है। ग्रामीण क्षेत्र के शिक्षक संवर्ग शहरी क्षेत्र से अनभिज्ञ है एवं उनका शहरी क्षेत्र में कार्य करने में व्यावहारिक रूप में कठिनाई आएगी। जिला नोडल प्रभारी ने नगर निकाय जनगणना प्रभारी से टेलीफोनिक चर्चा की। इस संबंध में आयुक्त नगर निगम, डीईओ एवं बीईओ धमतरी से टेलिफोनिक चर्चा की गई। मौके पर जिला उपाध्यक्ष डॉ गणेश प्रसाद साहू, महासचिव डॉ. आशीष नायक, राहुल नेताम, ब्लॉक अध्यक्ष धमतरी गेवाराम नेताम, महिला प्रकोष्ठ पदाधिकारी तुनेश्वरी साहू, ब्लॉक कोषाध्यक्ष कौशल कुमार चंद्राकर, राकेश चंद्राकर सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे।

# कर्मा मंदिर के पूजा-अर्चना में महापौर हुए शामिल



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

साहू समाज भवन बांसपारा धमतरी में स्थित भक्त माता कर्मा का मंदिर छत्तीसगढ़ का संभवतः पहला मंदिर होगा जहां सन 2015 से प्रतिवर्ष चैत्र एवं शारदीय नवरात्रि में मनोकामना ज्योति प्रज्वलित की जाती है। साहू समाज के साथ ही अन्य समाज के लोगों की भी अपार श्रद्धा भक्ति है। पंचमी पर मां दुर्गा एवं मां कर्मा की विधि विधान से पूजा-अर्चना व आरती की गई।

पंचमी पर आयोजित पूज-अर्चना कार्यक्रम महापौर रामू रोहरा की विशेष उपस्थिति रही। साथ ही तहसील साहू समाज शहर धमतरी की अध्यक्ष चन्द्रभागा साहू, उपाध्यक्ष डॉ रामकुमार साहू, संरक्षक रोहित कुमार साहू, यशवंत साहू, गोपीकिशन साहू, विजयगौतम साहू, जिला उपाध्यक्ष निर्मला साहू, बंसीलाल साहू, लीलाराम साहू, किशनलाल साहू, रामेश्वर साहू, जानकी साहू, कोषाध्यक्ष देवेन्द्र साहू, अशोक साहू, मदन साहू, उपाध्यक्ष रंजना साहू, दीपिका साहू, चोवाराम साहू, कोमल साहू, सुरेश साहू सहित सामाजिक पदाधिकारी उपस्थित थे।

# आज प्राचीन श्रीराम मंदिर में राम नवमी उत्सव



- महाआरती, रामायण पाठ के साथ भव्य शोभायात्रा निकलेगी

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

कुरूद नगर स्थित प्राचीन श्रीराम मंदिर में आज राम नवमी पर भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना, रामायण पाठ और श्रीरामलला की भव्य महाआरती का आयोजन किया जाएगा।

मंदिर के महंत अखिलेश वैष्णव ने बताया कि सुबह 9 बजे से संगीत के साथ रामायण पाठ प्रारंभ होगा, वहीं दोपहर 12 बजे श्रीरामलला की महाआरती के साथ जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि रामनवमी केवल भगवान श्रीराम का जन्मदिन नहीं, बल्कि मर्यादा, संयम और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देने वाला पर्व है। शाम के समय नगर में भक्ति का विशेष माहौल देखने को मिलेगा। हिन्दू धर्म युवा जागरण समिति तथा आजाद हिंदू मंच द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिनमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। पूरे नगर में जय श्रीराम के उद्घोष के साथ धार्मिक उत्साह चरम पर रहेगा।

# पीएम आवास के नाम पर अवैध निर्माण का जाल

- नियमों को दरकिनार कर खड़ी की जा रहीं इमारतें

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



शहर में बिना अनुमति मकान निर्माण का मामला लगातार गंभीर होता जा रहा है। नगर निगम की चेतावनी और कार्रवाई के बावजूद कई क्षेत्रों में नियमों की खुलेआम अनदेखी कर निर्माण कार्य जारी है। इससे न केवल नगर निगम को राजस्व का नुकसान हो रहा है, बल्कि शहर की सुनियोजित बसाहट भी प्रभावित हो रही है।

शहर के गोकुलपुर, रामपुर, रुद्री रोड, विंध्यवासिनी वार्ड, महिमासागर, दानीटोला, जोधापुर, सोरिद और नवागांव सहित कई इलाकों में निजी जमीनों पर बिना अनुज्ञा पत्र के मकान बनाए जा रहे हैं। चिंताजनक बात यह है कि कई लोग प्रधानमंत्री आवास योजना का नाम लेकर अवैध निर्माण को वैध ठहराने की कोशिश कर रहे हैं। जब इन निर्माणों पर सवाल उठाए जाते हैं, तो संबंधित लोग पीएम आवास की स्वीकृति होने का दावा कर गुमराह करते हैं, जबकि कई मामलों में योजना की कोई आधिकारिक मंजूरी ही नहीं है।

नागरिकों ने इस पूरे मामले को लेकर नगर निगम और जिला प्रशासन से शिकायत दर्ज कराते हुए विस्तृत जांच की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते सख्त कार्रवाई नहीं की गई, तो अवैध निर्माण की यह प्रवृत्ति शहर में अव्यवस्था और अतिक्रमण को बढ़ावा देगी, जिससे भविष्य में बुनियादी सुविधाओं पर भी दबाव बढ़ेगा। इधर नगर निगम अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि बिना अनुज्ञा पत्र के किसी भी प्रकार का निर्माण पूर्णतः अवैध है। अधिकारियों ने कहा कि शिकायतों के आधार पर जांच शुरू कर दी गई है और दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही नागरिकों से भी अपील की गई है कि वे किसी भी प्रकार के निर्माण से पहले आवश्यक अनुमति अवश्य लें, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की कानूनी परेशानी का सामना न करना पड़े।

### समाज के विकास के लिए एकजुटता जरूरी : कविता

**धमतरी।** ग्राम रांवा में भक्त माता कर्मा की जयंती साहू समाज द्वारा मनाई गई। अतिथि जिला पंचायत सदस्य श्रीमती कविता बाबर थीं। उन्होंने भक्त माता कर्मा की पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि माता कर्मा ने अपना संपूर्ण जीवन प्रभु श्रीकृष्ण की भक्ति भाव में व्यतीत किया। उस समय भेदभाव, छुआछूत अमीर गरीब का प्रचलन था। जगन्नाथ पुरी के मंदिर में माता कर्मा भगवान को खिचड़ी का भोग लगाना चाहती थी लेकिन उन्हें एक गरीब महिला समझकर पुजारियों ने उन्हें मंदिर के अंदर जाने नहीं दिया। लेकिन माता की भक्ति से प्रसन्न होकर भगवान कृष्ण स्वयं उनके घर में पधारे और उनके द्वारा प्रस्तुत खिचड़ी का प्रसाद ग्रहण किया। आगे कहा कि आपका समाज प्रगतिशील समाज है और हर क्षेत्र में अपनी सफलता का परचम लहरा रहा है। इस सफलता के पीछे सामाजिक संगठन की मज़बूती, एकजुटता और भाईचारे की भावना निहित है। मौके पर पूर्व जनपद सदस्य मानिक साहू,जयंती साहू, जनपद सदस्य देहुति साहू, सरपंच ज्ञानिक साहू, लालचंद साहू समेत बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

# मूर्ति के साथ तोड़फोड़ : हिन्दू जागरण मंच ने घेरा कोतवाली



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

हनुमान जी की मूर्ति के साथ हुई तोड़फोड़ के मामले को लेकर हिन्दू जागरण मंच ने सिटी कोतवाली का घेराव कर आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की। उल्लेखनीय है कि मंगलवार को पुराने कृषि उपज मंडी परिसर में स्थित हनुमान मूर्ति के साथ किसी अज्ञात व्यक्ति ने तोड़फोड़ की है। घटना की जानकारी होने पर आक्रोशित हिन्दू जागरण मंच व हिन्दू समाज के लोग सिटी कोतवाली में आरोपी की जल्द गिरफ्तारी की मांग पर अड़ गए। बुधवार की शाम तक आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होने पर मंच ने सिटी कोतवाली का घेराव करने की चेतावनी दी थी। लेकिन बुधवार की रात तक पुलिस आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर सकी। इसके बाद हिन्दू जागरण मंच के सदस्य बड़ी संख्या में गांधी मैदान पहुंचे और सिटी कोतवाली का घेराव कर नारेबाजी की। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि पुलिस आरोपी की तलाश में रात दिन मेहनत कर रही है। आरोपी को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# मधुमक्खी पालन के लिए केवीके ने झोंकी ताकत

- अतिरिक्त आय के लिए किसानों को दिया जा रहा प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी




मधुमक्खी पालन से होने वाले लाभ और जिले में इस व्यवसाय की अपार संभावना को देखते हुए कृषि विज्ञान केंद्र ने इसके प्रशिक्षण के लिए पूरी ताकत झोंक दी है। प्रशिक्षण का तीसरा बैच चल रहा है। इसके बाद लगातार प्रशिक्षण देने की प्लानिंग है।

जिले में छोटे छोटे किसान ज्यादा हैं, जो सालभर मेहनत के बाद भी पर्याप्त लाभ नहीं कमा पाते हैं। ऐसे किसानों को अतिरिक्त आय की तलाश रहती है। कृषि विज्ञान केंद्र इन किसानों की मदद करते हुए खेती के साथ मधुमक्खी पालन पर फोकस कर रहा है। जुलाई माह में मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण का पहला बैच प्रारंभ हुआ। इस प्रशिक्षण को अच्छा रिस्पांस मिला जिसके चलते इसी मार्च माह में दो बैच तैयार किए गए। इसमें से एक बैच को 16 मार्च से 22 मार्च तक प्रशिक्षण लिया। इनका प्रशिक्षण कम्पलीट हो चुका है। तीसरे बैच का प्रशिक्षण 23 मार्च से शुरू किया गया। यह प्रशिक्षण 29 मार्च तक चलेगा।

प्रशिक्षण के नोडल अधिकारी डॉ शक्ति वर्मा ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान किसानों को मधुमक्खी पालन की तकनीक, उपयुक्त मधुमक्खी प्रजातियां, आवश्यक उपकरण, मोम और शहद उत्पादन, पराग कण, मधुमक्खी विष, प्रोपालिस का बाजार मूल्य सहित अन्य जानकारी दी जा रही है। प्रशिक्षण डॉ अमित कुमार सिन्हा, मनीषा खापर्डे, डॉ दीपिका चंद्रवंशी, डॉ नेहा गावड़े, रीतिका ठाकुर दे रहे हैं।

# शहर में सिलेंडर की आपूर्ति सामान्य गांवों में हालात चिंताजनक

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

मिडिल ईस्ट में जारी युद्ध के असर से एलपीजी गैस सप्लाई पर असर साफ दिखाई देने लगा है। शहर में बुकिंग के बाद सिलेंडर की आपूर्ति किसी तरह सामान्य बनी हुई है, लेकिन ग्रामीण क्षेत्र में हालात बेहद चिंताजनक हो गए हैं। गांवों तक एजेंसी के वाहन नहीं पहुंच पाने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण उपभोक्ताओं को अब खुद ही दोपहिया वाहनों में सिलेंडर लेकर गैस एजेंसियों तक पहुंचना पड़ रहा है। सुबह से ही एजेंसियों के बाहर लंबी कतारें लग रही हैं, जहां कई बार अफरातफरी और विवाद की स्थिति भी बन रही है। हालात ऐसे हैं कि व्यवस्था संभालने के लिए पुलिस तक बुलानी पड़ रही है। गैस एजेंसी संचालकों के अनुसार गैस का स्टॉक शाम तक पूरी तरह खत्म हो जाता है। नई खेप आने के बाद ही वितरण संभव रहता है। आने वाली गाड़ियों की संख्या के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। हालांकि गैस की सप्लाई अपेक्षाकृत सामान्य बताई जा रही है और उपभोक्ताओं को बुकिंग पर सिलेंडर मिल रहा है। वहीं कमर्शियल सिलेंडरों की सप्लाई बंद होने के बावजूद बाजार में इनके उपयोग को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। कई व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में सिलेंडर उपयोग होते दिख रहे हैं, जिससे पारदर्शिता पर संदेह गहराने लगा है। इधर पेट्रोलियम कंपनियों ने प्रीमियम पेट्रोल के दाम में करीब 2 रुपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी कर दी है, जिससे आम उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ बढ़ गया है।

# जिला कांग्रेस की नई टीम घोषित

## अध्यक्ष तारिणी की अगुवाई में 51 पदाधिकारी व 10 कार्यकारिणी सदस्य चुने गए

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी






छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी धमतरी की अनुमोदित कार्यकारिणी घोषित कर दी गई है। जिलाध्यक्ष श्रीमती तारिणी चंद्राकर के नेतृत्व में गठित इस नई टीम में कुल 51 पदाधिकारियों के साथ 10 कार्यकारिणी सदस्यों को जिम्मेदारी दी गई है।

विजय गोलछा को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। उपाध्यक्ष पद पर सलीम रोकड़िया, कविता बाबर, सूर्याराव पवार, सोहेन्द्र सिंह गुरुदत्ता, वसीम कुरैशी, राजेन्द्र साहू, जानसिंग यादव, सुनीता साहू, भानेन्द्र ठाकुर, राजेन्द्र सोनी, सूर्यप्रभा चेटियार एवं नरेश जसूजा को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

महामंत्री अरविंद दोशी, आलोक जाधव, विक्रांत पवार, आकाश गोलछा, योगेश लाल, सचिन भंसाली, चंदन बाफना, मनीषा साहू, स्मिता सिंह, रमेशर साहू, हेमंत नवरंगे, विक्रांत शर्मा, डीहू साहू, राजेश साहू, राजू साहू, कैलाश प्रजापति, कृष्णा मरकाम एवं डोमार साहू बनाए गए। सचिव पद पर सरिता सोम, भरत निर्मलकर, खिलावन साहू, खिलेन्द्र साहू, क्षमा साहू, मनोज अग्रवाल, रेखा साहू, कामराय साहू, बिसौहा साहू, गुरु गोपाल गोस्वामी, सलीम तिगाला, रामनाथ यादव, राजेश पाण्डे, राजेन्द्र साहू, प्रभुदयाल साहू, डॉ. ओमप्रकाश सेन, पेखन लाल साहू, सत्यवान ध्रुव, मानसमणि देवांगन एवं मोहित देवांगन को जिम्मेदारी दी गई है।

कार्यकारिणी सदस्यों में मंजीत छाबड़ा, तिलक निषाद, नम्मूलाल साहू, करण चंद्राकर, डोशन सिन्हा, अशोक साहू, सुधीर बल्लाल, प्रमोद साहू, बसंत साहू और चंद्रकला नेताम शामिल है।

पार्टी सूत्रों के अनुसार, नई कार्यकारिणी में संगठन के सभी वर्गों और क्षेत्रों को प्रतिनिधित्व देने का प्रयास किया गया है, जिससे कांग्रेस को जमीनी स्तर पर और मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

# युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**धमतरी।** अज्ञात कारणों से एक युवक ने अपने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार स्थानीय महिमासागर वार्ड के कारगिल चौक के पास रहने वाले शिवकुमार सोनकर पिता दशरथ उम्र 31 वर्ष दुर्गा राइस मिल में ड्राइवर था। वह शराब पीने का आदी था। बुधवार की रात्रि खाना खाने के बाद युवक की मां दुलारी बाई, पत्नी, संतोषी व बेटी पलक टहलने के लिए निकल गए। इसी दौरान युवक ने कमरे का दरवाजा भीतर से बंद कर सीलिंग पंखा के हुक में गमछा का फंदा बना फांसी लगा ली। परिजन जब घर पहुंचे तो दरवाजा भीतर से बंद पाया। खिड़की की तरफ से झांकने पर युवक फंदे पर लटक रहा था। परिजनों ने दरवाजा तोड़कर भीतर प्रवेश किया। जीवित होने का अंदेशा के चलते युवक को फंदे से उतारकर उपचार के लिए मसीही अस्पताल ले गए। चेकअप के बाद डॉक्टर ने युवक को मृत घोषित कर दिया।

### महामंत्र जाप के बाद हुआ दीप यज्ञ

**धमतरी।** कोष्टापारा इकाई के डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी वार्ड कालिका चौक में सावित्री पटेल के निवास में 24 हजार गायत्री महामंत्र जाप का अनुष्ठान किया गया। महामंत्र जाप के बाद दीप यज्ञ भी किया गया। मौके पर गायत्री शक्ति पीठ धमतरी की पूर्व ट्रस्टी सावित्री पटेल, सुशीला छाटा, गीता साहू, पद्मनी साहू, हेमांशी उपस्थित थे।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

11 घंटे की कड़ी मेहनत से देवी मां की भव्य रंगोली बनाई

# रंगों में सजी आस्था, दीपक की रंगोली बनी आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

चैत्र नवरात्रि पर सेमरा (सी) में एक युवा कलाकार ने अपनी कला से भक्ति और समर्पण का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया है। सिरदार चौक, ज्योति भवन के पास रहने वाले दीपक निषाद ने 11 घंटे की मेहनत से 4×8 फीट की भव्य रंगोली बनाकर देवी मां की सजीव और मनमोहक छवि उकेरी है।





उल्लेखनीय है कि दीपक की कला पहले भी लोगों का ध्यान आकर्षित कर चुकी है। पिछली दीपावली पर उन्होंने अपने साथियों के साथ मिलकर मां लक्ष्मी की आकर्षक रंगोली बनाई थी, जिसे ग्रामीणों ने खूब सराहा था। इस बार भी सरपंच छबिलेश सिन्हा, प्रमुख नागरिकों ने उनकी इस प्रस्तुति की प्रशंसा की है। बचपन से ही चित्रकला के प्रति रुचि रखने वाले दीपक ने अपनी लगन से इस कला को निखारा है। स्कूली दिनों में वे सहपाठियों और शिक्षकों के चित्र बनाकर उन्हें भेंट करते थे। उनकी प्रतिभा को दिशा देने में शिक्षक चंद्रभूषण साहू का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इसी मार्गदर्शन से उन्हें अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त चित्रकार बसंत साहू के जीवन रंग आर्ट क्लास से जुड़ने का अवसर मिला। वर्तमान में वे बसंत साहू फाउंडेशन छत्तीसगढ़ के शिक्षक अवधराम केवट के मार्गदर्शन में कला की बारीकियां और आध्यात्मिक गहराई सीख रहे हैं। दीपक की यह रंगोली केवल एक कलाकृति नहीं, बल्कि धैर्य, साधना और सच्ची श्रद्धा का प्रतीक है, जो लोगों के मन में आस्था का संचार कर रही है।

# रामनवमी पर्व को लेकर पुलिस ने किया फ्लैग मार्च





■ चाकूबाजी, गुंडागर्दी पर होगी सख्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

रामनवमी पर शहर में निकलने वाली ऐतिहासिक शोभायात्रा को लेकर पुलिस व प्रशासन ने पूरी तैयारी कर ली है। शोभायात्रा पर तगड़ी सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। इस बीच शराबखोरी, गुंडागर्दी, चाकूबाजी पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। शोभायात्रा निकलने के पूर्व पुलिस व प्रशासन की संयुक्त टीम ने शहर में फ्लैग मार्च कर आमजनों को सुरक्षा का संदेश दिया है।

एसपी के नेतृत्व में पुलिस व प्रशासन द्वारा जिला मुख्यालय सहित संवेदनशील क्षेत्रों में फ्लैग मार्ग किया गया। फ्लैग मार्च रक्षित केन्द्र रूद्री से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख चौक-चौराहों एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्र लक्ष्मी निवास, अम्बेडकर चौक, रत्नाबांधा, मुजगहन, मकई चौक, सिहावा चौक, बस स्टैंड, अर्जुनी मोड़ व नहर नाका चौक होते हुए विंध्यवासिनी मंदिर पहुंचकर समापन हुआ।

मकई चौक से सघन पैदल मार्च निकालकर पुलिस बल ने आमजनों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। वहीं असामाजिक तत्वों को चेतावनी दी कि किसी भी प्रकार की अवैधानिक गतिविधियां बर्दाश्त नहीं की जाएंगी। जिले के तीनों अनुभाग धमतरी, कुरूद व नगरी में भी फ्लैग मार्च निकाला गया। इस दौरान एएसपी शैलेन्द्र पांडेय, अपर कलेक्टर इंदिरा देहारी, सीएसपी अभिषेक चतुर्वेदी, डीएसपी मोनिका मरावी, मीना साहू, डीएसपी यशकरण दीप ध्रुव, एसडीएम पीयूष तिवारी, तहसीलदार कुसुम प्रधान, रक्षित निरीक्षक, दीपक शर्मा सहित विभिन्न थाना के प्रभारी, डीआरजी, साइबर एवं यातायात पुलिस बल के अधिकारी, कर्मचारी बड़ी संख्या में शामिल रहे।

### कैमरों से शोभायात्रा की निगरानी

मार्गों में दण्डाधिकारी एवं पुलिस बल की पर्याप्त तैनाती होगी। शोभायात्रा के आगे- पीछे एवं विभिन्न सेक्टरों में पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। सादे कपड़ों में पुलिस शोभायात्रा में शामिल रहकर असामाजिक तत्वों पर नजर रखेंगे। वहीं सीसीटीवी कैमरों की मदद से शोभायात्रा की निगरानी की जाएगी।

**शोभायात्रा मार्गों का एसपी ने किया निरीक्षण** : रामनवमी पर्व पर निकलने वाली शोभायात्रा के मार्गों का एसपी सूरजसिंह परिहार ने निरीक्षण किया। उन्होंने शोभायात्रा मार्गों में पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था की गई है। पेड़ों की डालियों एवं अव्यवस्थित बिजली के तारों को व्यवस्थित करने के निर्देश दिए।

## मां अंगारमोती गौधाम में आज कन्या पूजन व गुरुकुलम का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

चैत्र नवरात्रि पर ग्राम तुमाबुजुर्ग स्थित मां अंगारमोती गौधाम में भक्ति और आस्था का भव्य संगम देखने को मिलेगा। यहां सच्चियाय माता ओसियां वाली मंदिर में नौ दिनों तक घृत ज्योति प्रज्ज्वलित कर विशेष पूजा-अर्चना की गई। नवरात्रि की नवमी के उपलक्ष्य में 27 मार्च शुक्रवार को कन्या पूजन, श्रीराम जन्मोत्सव एवं वैदिक गुरुकुलम भवन के भूमिपूजन का आयोजन किया गया है। प्रातः 11 बजे कन्या पूजन, दोपहर 12 बजे श्रीराम जन्मोत्सव और दोपहर 1 बजे गुरुकुलम भवन का भूमिपूजन होगा। संस्था के अध्यक्ष दीपक लखोटिया, सचिव नरेन्द्र जायसवाल, कोषाध्यक्ष सुबोध राठी सहित पदाधिकारियों ने क्षेत्रवासियों से सपरिवार उपस्थित होकर पुण्य लाभ लेने की अपील की है।

## चंडी माता मंदिर में महाअष्टमी पर प्रसादी का हुआ वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद



चैत्र नवरात्रि की महा अष्टमी पर श्री चंडी माता मंदिर के पास जनसेवा समिति द्वारा श्रद्धा व उत्साह के साथ भंडारा प्रसादी का वितरण किया गया। जयकारों के बीच बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में गिरीश बाजपेई, दीपक शर्मा, दीपक अग्रवाल, विजय केला, सौरभ चंद्राकर, योगेश चंद्राकर, कमलेश गांधी, हरीश केला, सुशील केला, वीरेंद्र अग्रवाल, चिरंजीलाल गांधी, राजेंद्र शुक्ला, चंदन शर्मा, देव शर्मा, ऋषि शर्मा, श्रवण अग्रवाल, रवि साईं, शेखर चंद्राकर, विनोद राठी व गोपाल शर्मा की उपस्थिति रही।

# सरकार भूमिहीन कृषि मजदूरों के साथ : वीरेन्द्र

**दीनदयाल उपाध्याय योजना के तहत हितग्राहियों को राशि वितरित की गई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड



जनपद पंचायत मगरलोड के सभागार में दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना अंतर्गत हितग्राहियों को राशि वितरित की गई। मुख्य अतिथि वीरेन्द्र साहू जनपद अध्यक्ष मगरलोड रहे।


इस अवसर पर अतिथियों ने कहा कि दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना राज्य सरकार की महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी योजना है जिसके माध्यम से भूमिहीन कृषि मजदूर परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। योजना के तहत पात्र हितग्राहियों के खातों में प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से राशि हस्तांतरित की जा रही है जिससे मजदूर परिवारों को आर्थिक मजबूती मिल रही है।

मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष श्री साहू ने कहा कि सरकार गरीब, किसान और मजदूर वर्ग के कल्याण के लिए लगातार संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है। शासन की मंशा है कि हर जरूरतमंद व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचे और समाज का अंतिम व्यक्ति भी विकास की मुख्यधारा से जुड़े। जन प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने हितग्राहियों को योजना की जानकारी देते हुए शासन की अन्य जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर रोहित साहू भाजपा मण्डल अध्यक्ष मगरलोड, शत्रुघन साहू प्राधिकृत अधिकारी भोथीडीह, मुरली सिन्हा मण्डल महामंत्री, रामचन्द्र साहू सरपंच, दिव्या ठाकुर सीईओ जनपद पंचायत मगरलोड, मनोज भारद्वाज तहसीलदार सहित जनपद के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में हितग्राही उपस्थित थे।










तीनों लोकों में एक ही पुरूषोत्तम
कौशल्या नंदन
हमारे
श्री राम
समस्त प्रदेशवासियों को
रामनवमी पर्व
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनायें...!
राम भक्त प्रीतेश गांधी
प्रदेश सहकार्यालय मंत्री भाजपा छत्तीसगढ़